Original


# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in


क्रमांक– रात्रऋभमवि / अल / अका. प्र. / 2023 / 138 दिनांक– 23.03.23

## विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की विशेष बैठक दिनांक 05.03.2023 (रविवार) का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 05.03.2023 को विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष में माननीय कुलपति महोदय डॉ. बी. आर. चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. बी. आर. चौधरी | माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष |
| 2. श्रीमति साफिया जुबेर | माननीय विधायक, रामगढ़ एवं राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट |
| 3. प्रो. (डॉ.) सच्चिदानन्द शुक्ला | माननीय कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट |
| 4. प्रो. कनिका व्यास | राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट (ऑन लाईन उपस्थित) |
| 5. डॉ. स्मिता मिश्रा | राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट (ऑन लाईन उपस्थित) |
| 6. डॉ. रितेश शर्मा | राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट |
| 7. डॉ. हुकम सिंह | माननीय कुलपति नामनिर्दिष्ट |
| 8. डॉ. अनीता सोनी | माननीय कुलपति नामनिर्दिष्ट |
| 9. श्रीमति ज्योति मीणा | कुलसचिव एवं सदस्य सचिव |
| 10. श्री रोहताश सिंह यादव | वित्त नियंत्रक विशेष आमंत्रित सदस्य |

बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिये गये, जिनका विवरण निम्ननानुसार है:–

### एजेण्डा बिन्दु संख्या 01

विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह दिनांक 27.03.2023 को आयोजित किया जाना है। दीक्षान्त समारोह में परीक्षा–2021 के स्नातक, स्नातकोतर, शिक्षा, विधि स्नातकोतर, डिप्लोमा इन लाइब्रेरी साइंस, पी.जी. डिप्लोमा इन लेबर लॉं में कुल 41007 उपाधियों का वितरण किया जाना है, इन उपाधियों में राज ऋषि महाविद्यालय, अलवर की 1185 तथा 40 उपाधियां डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की भी शामिल हैं। दीक्षान्त समारोह में 01 कुलाधिपति पदक, 40 स्वर्ण पदक एवं 04 रजत पदक भी माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा प्रदान किए जाऐंगे। उक्त उपाधियां, पदक एवं उपाधि प्रारूप अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 04.03.2023 में अभिशंषा उपरांत प्रबन्ध मण्डल के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया।

संलग्नकः

1. अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 04.03.2023 का कार्यवाही विवरण।
2. पदकों का विवरण।
3. उपाधियों का विवरण।
4. शोध विभाग की उपाधियों का विवरण।
5. उपाधि प्रारूप।

**निर्णयः–** प्रबन्ध मण्डल के उपस्थित सभी माननीय सदस्यों द्वारा अकादमिक परिषद बैठक दिनांक 04.03. 2023 के कार्यवाही विवरण व परीक्षा–2021 व डॉक्टर ऑफ फिलोसफी की उक्त उपाधियों, उपाधि प्रारूप एवं पदकों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

बैठक के अन्त में कुलपति महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

27.3.23

कुलपति

कुलसचिव

Rajinder

Recieved on email

D/RRBM/New folder/BOM/meeting & Agenda